संख्या–cm-429
06/09/2025

# मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिले में 740 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 432 विकासात्मक योजनाओं का किया शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन

- पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद।

पटना, 06 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भोजपुर जिला के बिहियां चौरस्ता में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 740 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 432 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत 105 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से आरा–बक्सर फोरलेन (एन0एच0– 922) से छपरा भाया बबुरा पथ का 4 लेन से 6 लेन में चौड़ीकरण कार्य, 33 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से जीरो माईल से पातर तक पथ का चौड़ीकरण कार्य, 87 करोड़ रुपये की लागत से स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत आउटफॉल नाला, संप हाउस व न्यू पुलिस लाइन से एम0पी0 बाग नाला मोड़ तक नए संरेखण का निर्माण कार्य, 31 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से चंदवा से गांगी होते हुए धरहरा तक नहर बांध पर पथ निर्माण कार्य, 18 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर तक नहर बांध पर पथ का निर्माण कार्य, 53 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से वामपाली से चंदवा मोड़ होते हुए पकड़ी चौक तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। साथ ही 27 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से ओझबलिया पुल से बचरी पुल तक बाईपास का निर्माण कार्य, 14 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से आरा रेलवे स्टेशन से जज कोठी मोड़ तक पथ का चौड़ीकरण कार्य, 37 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से आरण्य देवी मंदिर (आरा) से आरा–अक्सर फोरलेन पथ (भाया आरा सिन्हा एवं आरा बड़हरा तक पथ का चौड़ीकरण कार्य, 18 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से बिहियां चौरस्ता से एन0एच0 922 तक पथ का चौड़ीकरण कार्य और 14 करोड़ रुपये की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी के ग्राम देव में सूर्य मंदिर परिसर का विकास कार्य शामिल है। इसके अलावे मुख्यमंत्री ने 211 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से जिला अंतर्गत सड़क, पुल, बिजली, भवन एवं विकास संबंधी कुल 92 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 87 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से सड़क, पुल, बिजली, भवन एवं विकास संबंधी कुल 329 योजनाओं का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भोजपुर के नयका टोला, जगदीशपुर स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 187 जीविका स्वयं सहायता समूह को 2 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही बासगीत पर्चा, मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी लाभुकों को प्रदान किया।

वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर

दिया गया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से उनलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। वे लोग बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने महिलाओं के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान ममता बहनों ने प्रोत्साहन राशि में दो गुना बढ़ोतरी किये जाने पर तथा आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि 3 गुना वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आप सभी जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आपलोग मन लगाकर काम करें, सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद कर रही है। अपने परिवार की तरक्की कीजिये और बिहार के विकास में अपना अहम योगदान दीजिए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नयका टोला, जगदीशपुर में बने कार्यक्रम स्थल से भी भोजपुर जिला के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप आर0 पुडकलकुट्टी, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, जल संसाधन विभाग के अपर सचिव श्री यशपाल मीणा, भोजपुर के जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक श्री राज सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******